>

Title: Need to develop Son Beel Lake in Karimganj district, Assam as a tourist spot and allocate funds for the purpose- laid

श्री कृपानाथ मल्लाह (करीमगंज): मैं आभार व्यक्त करता हूं कि आपने इस महत्वपूर्ण विषय पर मुझे अपने विचार व्यक्त करने का अवसर प्रदान किया! मेरे संसदीय क्षेत्र करीमगंज में विश्व प्रसिद्ध सोन बील झील, जो एशिया की सबसे बड़ी झील है और यह झील ज्यादा से ज्यादा 85 स्कवायर किलोमीटर तक फैली है और जब यह सिकुड़ती है तो इसका क्षेत्रफल 35 वर्ग किलोमीटर हो जाता है । इस झील के आसपास लगभग 35 गांव और 8 हजार की आबादी है । सभी स्थानीय निवासी इस झील के मछली उद्योग पर ही निर्भर करते हैं । इस झील में प्रवासियों पक्षियों का भी आवास है जो सर्दी के मौसम में देखने लायक होता है ।

इस विश्व प्रसिद्ध झील को संरक्षित और सुरक्षित रखने की अभी आवश्यकता है । इसलिए केन्द्र सरकार को इस झील की व्यापक पर्यटन संभावनायें और राजस्व के दृष्टिकोण से विकसित करने की आवश्यकता है ।

अतः माननीय पर्यटन मंत्री जी से निवेदन है कि इस झील के संवर्धन और विकास हेतु विशेष नीति बनाकर विशेष निधि आबंटित करने का कष्ट करें, जिससे स्थानीय निवासियों सहित राज्य सरकार को भी राजस्व मिल सके ।